हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 6 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

10 छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर बांधा समां



10 शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर दिया जोर




## ओलावृष्टि और बरसात के साथ तेज हवा से मंडियों में गेहूं पर ढके तिरपाल उड़े, तापमान में गिरावट

# जींद-कैथल में बरसात से लाखों क्विंटल अनाज भीगा

### जींद में औसतन दस और पिल्लूखेडा में 19 एमएम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/कैथल

जिले मे बीती रात गरज तथा चमक के साथ बारिश तथा कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। बारिश के साथ चली तेज हवा से मंडियों में गेहूं पर डाले गए तिरपाल उड़ गए और लाखों क्विंटल गेहूं भी भीग गया। सोमवार दोपहर बाद भी बारिश के आसार बने, लेकिन बारिश नहीं हुई। जिले में औसतन 10 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश पिल्लूखेडा खड मे 19 एमएम दर्ज की गई। बारिश के के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। दिनभर आकाश मे बादलों का आवागमन लगा रहा। मौसम भी सुहाना बना रहा। सोमवार का अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम मे आद्रता 70 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सात जुलाई तक आकाश मे बादलवाई के साथ कहीं-कहीं बारिश की सभावना है। रविवार शाम को मौसम ने करवट ले ली थी। गरज तथा चमक के साथ तेज हवा भी चली। पिल्लूखेडा इलाके मे कुछ स्थानो पर हल्की ओलावृष्टि भी हुई। रात को बादल गहरे हो गए और बारिश शुरू हो गई। जिले मे सबसे ज्यादा बारिश पिल्लूखेडा खड मे दर्ज की गई। जहां पर 19 एमएम बारिश दर्ज की गई। जीद मे 5.4 , नरवाना मे नौ एमएम,सफीदो मे दो एमएम, जुलाना मे 12 एमएम, उचाना मे छह एमएम, अलेवा मे 17 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते तापमान मे भी दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार दोपहर बाद बारिश के आसार भी बने, लेकिन बारिश नही हुई। तेज हवा से मडियो मे उडे तिरपाल,भीगा लाखो क्विटल गेहूः बीती देर शाम का मौसम ने करवट ली। मौसम को देखते हुए मडियो मे गेहू पर तिरपाल डाल दिए गए।

बारिश के दौरान तेज हवा चलने से तिरपाल उड गए और ढका गया गेहूं भीग गया। अब जिले मे छह लाख 83 हजार 848 मीट्रिक टन गेहू की खरीद हो चूकी है। जबकि चार लाख 95 हजार 229 मीट्रिक टन गेहू का उठान हो चूका है।



जींद। लुदाना परचेज सेंटर पर जमा बारिश के पानी को निकालते मजदूर।



पाई। अनाज मंडी में गेहूं के नीचे घुसा बरसाती पानी। फोटो :हरिभूमि



जींद। अनाज मंडी में गेहूं को बारिश से बचाने के लिए ढका तिरपाल।

#### मौसम में उतार-चढ़ाव

मौसम वैज्ञानिक डॉ. राजेश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते मौसम मे बदलाव आया है। सात मई तक आकाश में बादलवाई के साथ बारिश की भी सभावना है। तापमान में भी उतार चढाव बना रहेगा।

उठान धीमा होने के कारण लाखो क्विटल गेहू अभी भी मडियो मे अटका हुआ है। बे मौसमी बारिश से निरमा बिजाई मे हो रही देरीः गेहू कटाई की सीजन एक सप्ताह पहले खत्म हो चूका है। निरमा बिजाई का सीजन चला हुआ है। पिछले एक सप्ताह से बारिश के साथ मौसम खराब हो रहा है। जिसके कारण निरमा की बिजाई पर असर पड रहा है। जिले मे लगभग 75 हजार हैक्टेयर मे निरमा की बिजाई होती है।

#### पाई में बरसात से गेहूं भीगा

**पाई।** सरकार व जिला प्रशासन की चलती लापरवाही के चलते आढ़तियों को कई लाखों की चपत लग चुकी है। जिस कारण से आढ़तियों ने सरकार से मांग की है कि उनके द्वारा सरकारी एजेंसियों को बेची हुई किसान की गेहूं की फसल को जैसी स्थिति में है, उसको तुरंत मंडियों से उठाया जाये और आढ़तियों को उचित मुआवजा दिया जाये। पाई मंडी के पूर्व प्रधान रणधीर सिंह फौजी सहित अनेक आढ़तियों ने बताया कि पाई मंडी में किसानों की गेहूं की फसल डालने के लिये जगह की कमी है, जिस कारण से आढ़तियों को अपने किसानों की फसल मंडी से बाहर खेतों में डलवान पड़ती है। अब की बार भी आढ़तियों ने अपने किसानों की फसल खेतों में डाली हुई है। अब लगातार हो रही बरसात से मंडी व खेतों में पड़ी गेहूं से भरी बोरियां पुरी तरह से भीग गई है। उन्होंने बताया कि गेहूं की एक ऐसी फसल है, जो थोडी सी भी भीग जाने पर सड़नी शुरू हो जाती है। अब हुई इस बसरात से किसानों की गेहूं से भरी बोरियां भीग जाने से इसमें पड़ा गेहूं खराब हो गया है। जिस कारण से इसका उठान न के बराबर है और किसानों को उनकी तुली हुई गेहूं का भगतान भी नही होगा। उन्होंने बताया कि आढ़तियों को उनकी आढ़त तो क्या, अपने पल्ले से अधिक पैसे देकर पल्ला छुटने वाला नही है। उन्होंने यह भी कहा कि खरीद करने के बाद खरीद ऐजंसियां समय पर इसका उठान नही करती, जिस कारण से भी गेहूं अधिक खराब हुआ है। उन्होने सरकार से मांग की है कि जैसी स्थिति में गेहूं मडियों में पड़ा है, वैसी थिति में ही उठान किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उठान की ऐसी ही स्थिति रहेगी तो आढ़ती किसानों की गेहूं की फसल अपने माध्यम से सरकार को बेचना छोड़ देंगे।

#### बरसात से अनाज मंडी में पड़ा लाखों का गेहूं भीगा

**राजौंद।** रविवार को को देर सायं हुई बरसात से अनाज मंडी में पड़े गेहूं के हजारों कट्टे भीग गए। उठान धीमी गति के कारण सबसे ज्यादा बरसात से नुकसान हुआ है। मंडी एसो राजौंद के प्रधान महीपाल राणा व भीम सिंह ने बताया कि अगर उठान सही होता तो इतना नुकसान गेहूं को न होता। कहा कि उठान काफी धीमा होने के कारण राजौंद अनाज मंडी भी गेहूं के हजारों कट्टे खुले आसमान के नीचे अभी भी पड़े है। ऐसे में उन्हें ज्यादा नुकसान है। मार्केट कमेटी सचिव ओमप्रकाश ने बताया कि गेहूं के काफी बैग शैड के नीचे थे लेकिन जहां गेहूं सेंटरों पर खुले में है वहां से मजदूरों द्वारा गेहूं के चट्टे लगवाए जा रहे है ताकि होने वाले नुकसान से बचा जा सके। बताया कि राजौंद में खरीद एजेंसियों द्वारा साढ़े चार लाख क्विंटल की खरीद की जा चुकी है।





पिल्लूखेड़ा। मंडी में जमा बरसात का पानी। फोटो :हरिभूमि

#### पिल्लूखेड़ा मंडी में सीवरेज व्यवस्था का ठप

**जींद।** सोमवार शाम को हुई बारिश के चलते पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी में गेहूं भीग गया। इसके अलावा मंडी में बारिश का पानी भी जमा हो गया। जिसके पीछे मुख्य वजह सीवरेज व्यवस्था का ठप होना रहा। हालातों को देखते हुए मार्केट कमेटी ने पंप सैट लगवाकर मंडी से पानी को निकलवाया।

#### बरसात से सीवन में सब्जियों की फसल में नुकसान

**कैथल।** जिले में रविवार देर रात तक हुई ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश जारी रही। इस कारण सीवन क्षेत्र सब्जियों की फसल को नुकसान होने का अंदेशा है। इसके बाद सोमवार को भी दिनभर मौसम सुहावना रहा और आसमान में बादल छाए रहे। बता दें कि इस समय सीवन क्षेत्र में बेल वाली सब्जियों को लगाया गया है। रविवार को हुई बारिश के बाद आम जनजीवन असर पड़ा। तेज बारिश होने से मंडियों में रखी किसान की फसल का नुकसान हो रहा है। गैरतलब,वहीं सोमवार को मौसम साफ रहा और बाजार में भी लोगों की चहल पहल लगी रही। वहीं, मौसम में हुए बदलाव के बाद अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। जबकि जिले में कुल 187 एमएम बारिश दर्ज की गई।



## सफीदों : चार आढ़तियों को थमाए लापरवाही के नोटिस

- सफीदों मंडी समेत अन्न खरीद केंद्रों पर भीगा लाखों टन गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

रविवार देर रात क्षेत्र में हुई बारिश में सफीदों अनाज मंडी समेत अन्न खरीद केंद्रों पर लाखो टन गेंहू भीग गया। देर रात अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में चारो ओर काली घटाएं छा गईं। उसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई। आढ़तियों व किसानों ने अपनी फसल को तिरपाल ढककर उसे बचाने का प्रयास जरूर किया लेकिन उनके प्रयास नाकाफी रहे। लचर उठान व्यवस्था के अभाव में करीब साढ़े 3 लाख बोरियां व खुला गेंहू बारिश के पानी में भीग गया। बारिश के कारण आढ़ती काफी परेशान नजर आए। आढ़तियों का कहना था कि सफीदों मंडी में उठान का कार्य बेहद धीमा चल रहा है। जिसके कारण पूरी मंडी में गेंहू व बोरियों का जमावड़ा बना हुआ है। अगर समय पर उठान हो गया होता तो नुकसान को काफी हद तक बचाया जा सकता था। आढ़तियों का कहना था कि इस गेहूं को निपटाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। सबसे बड़ी दिक्कत यह भी है कि जब तक उठान नहीं हो जाता तब तक किसानों के खातों में उसकी फसल की पेमेंट नहीं जाएगी। उठान ना होने के कारण आढ़तियों के साथ-साथ किसानों को भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



#### नोटिस का जवाब देने के लिए तीन दिन का समय

बारिश के दौरान लापरवाही बरतने को लेकर मार्केट कमेटी ने 4 आढ़तियों को नोटिस थमाए हैं। नोटिस में आढ़तियों पर बारिश के दौरान गेहूं की बोरियों व गेहूं को सही रूप से संरक्षित ना करने के आरोप लगाए है। नोटिस में आढ़तियों को जवाब देने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है।

#### एक लाख बोरियां खुले आसमान के नीचे पड़ीं

मार्केट कमेटी सफीदों के सचिव अनिल शर्मा का कहना है कि मंडी में इस वक्त करीब साढ़े 3 लाख गेहूं की बोरियां पड़ी है। जिनमें से अढ़ाई लाख बोरियां शैड़ों के नीचे है। एक लाख बोरियां खुले में पड़ी है। मंडी में तिरपाल वगैरह की पूरी व्यवस्था की गई है। मंडी में निकासी व्यवस्था दुरूस्त है।

## कार चालक ने दोस्त संग की थी मालिक की हत्या

- योजना के तहत दिल्ली में दोस्त से करवाई कार की बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव उचाना कला के निकट लगभग एक माह पहले कार चालक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर अपने मालिक की हत्या की थी। हत्या के पीछे मालिक के रुपयों का विवाद रहा है। जिसके चलते कार चालक ने अपने दोस्त के साथ हत्या की योजना बनाई। फिर उचाना कलां के निकट हत्या की वारदात को अंजाम दे दिया। उचाना थाना पुलिस हत्या आरोपित चालक तथा उसके साथी को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया है। क्या था मामलाः गांव उचाना कला के निकट सडक के साथ गत 12 अप्रैल को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। व्यक्ति की सिर मे चोट मार कर हत्या की गई। हत्या के दो दिन बाद मृतक की शिनाख्त तुगलकाबाद दिल्ली निवासी गौतम 45 के रूप मे हुई थी। उचाना थाना पुलिस ने गौतम की हत्या के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या तथ शव को खुर्द बुर्द करने का मामला दर्ज किया था। मृतक के फोन की लास्ट काल ने पहुचाया हत्यारों तकः मृतक की शिनाख्त के बाद पुलिस ने फोन की काल को खंगाला तो लास्ट कॉल ने हत्यारों तक पहुंचा दिया। घटना वाली शाम को दिल्ली निवासी कुणाल की मिली। जिसके संपर्क गौतम का कार चालक परमहस विहार लोनी निवासी सूरज का पाया गया।

सूरज घटना के बाद से भूमिगत था। जिससे साफ था कि सूरज ने कुणाल के साथ मिलकर अपने कार मालिक गौतम की हत्या की है। उचाना थाना पुलिस ने आरोपित चालक सूरज तथा उसके दोस्त कुणाल को गिरफ्तार कर लिया।

#### आरोपित दो दिन के रिमांड पर

उचाना थाना प्रभारी कुलदीप सिह ने बताया कि कार चालक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कार मालिक की हत्या की थी। दोनो आरोपितों को अदालत मे पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपितो से हत्या में प्रयोग की गई वस्तु, कार समेत अन्य तथ्यों के बारे मे पूछताछ की जाएगी।

#### दो महीने की रोकी थी चालक की सैलरी

पुलिस पूछताछ मे सामने आया कि आरोपित कार चालक सूरज की कार मालिक ने दो माह की सैलरी रोकी हुई थी और कार बुकिग व तेल मे हेराफेरी का आरोप लगाया था। इसके चलते सूरज ने अपने दोस्त कुणाल के साथ योजना बनाई। घटना वाली शाम को कुणाल ने कार को बुक किया था। शाम होने के होने के कारण गौतम भी कार मे बैठा लिया। फिर उचाना लितानी मार्ग पर उचाना कला के निकट सुनसान जगह देख गाड़ी में गौतम के सिर मे वार कर हत्या कर दी। फिर चेहरे पर भी वार कर उसे विकृत करने की कोशिश की गई।




कैथल। डीसी प्रीति वीसी में भाग लेते। फोटो :हरिभूमि

#### गेहूं की फसल जलने पर सरकार ने दिया मुआवजा

**कैथल।** हरियाणा सरकार ने पहली बार गेहूं के सीजन में आगजनी के कारण फसल जलने पर किसानों को शत-प्रतिशत नुकसान पर 30 हजार प्रति एकड़ की दर से मुआवजा राशि दी है। कैथल में करीब 172 एकड़ में आगजनी से नुकसान पर मुआवजा दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ से ऑनलाइन एक क्लिक से किसानों के खातों में यह राशि स्थानांतरित की। वीसी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना को ध्यान में रखते काम कर रही है। गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही है और जिसके तहत पात्र व्यक्तियों तक सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार गरीब व्यक्तियों के साथ खड़ी है। डीसी प्रीति ने बताया कि इसके अलावा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दयालु योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0, सामाजिक पेंशन के पात्र व्यक्तियों को लाभ लाभार्थियों को प्रदान किया गया है।

#### मकान की छत गिरने से बाल-बाल बचा पशुपालक

**राजौंद।** गांव बीर बागड़ा में कल हुई बरसात के बाद अचानक पशुबाड़े में एक मकान की छत गिर गई। इससे मकान मालिक इसमें बाल बाल बच गया। जानकारी देते हुए गांव बीर बांगड़ा निवासी रिंकू पुत्र भीम ने बताया कि कल बरसात के बाद उनके पशु बाड़े की छत जोरदार धमाके के साथ छतीर टूटने से गिर गई। उसने बताया कि कुछ देर पहले ही उसके पिता उसके नीचे से गुजरे थे। जैसे ही वह बाहर निकले तो 5 मिंट में ही छतीर टूटने से पूरे कमरे की छत नीचे गिर गई। जिसे उसके पिता इसमें बाल-बाल बच गए। बताया कि पशुओं बाड़े में पहले एक कमरा बनाया हुआ था। जिसका छतीर टूटने से अचानक पूरे कमरे की छत नीचे गिर गई संयोगवश वहां नहीं बंधे हुए थे। जिससे उसके पिता 5 मिनट पहले ही वहां से निकले थे कि अचानक सारी छत नीचे गिर गई।

### डिप्टी स्पीकर ने जींद विस के विकासात्मक कार्यों की ली समीक्षा बैठक

# विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समय रहते पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि जींद विधानसभा क्षेत्र में जितने भी विकासात्मक कार्य चल रहे है उन सभी को तय समय में पूरा करवाना सुनिश्चित करें और सभी कार्य गुणवतापूर्वक होने चाहिए। शहर के सौंदर्यकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। क्षेत्र में और क्या बेहतर हो सकता है इसका आने वाले एक वर्ष का पूरा खाका तैयार किया जाए। ताकि क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके। बरसाती सीजन से पहले सभी ड्रेन, नाले व सीवरेज साफ होने चाहिए सम्बन्धित इस दिशा में समय रहते कार्य को पूरा करें इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।

डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जींद विधानसभा क्षेत्र के विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों से पूरे हुए और चल रहे विकासात्मक कार्यों की फीडबैक ली। उन्होंने नगरायुक्त को निर्देश दिए कि शहर में विशेष तौर पर वॉल पेटिंग, एलईडी की व्यवस्था करवाएं। ताकि शहर की सुन्दरता और बेहतर लगे। एमसी क्षेत्र के बढ़ोतरी के दृष्टिगत 2041 का प्लान बनाया जाए। जितने भी प्रोजेक्ट शहर की बेहतरी के लिए हो सकते है उन सब की प्लानिंग भी तैयार करके अवगत करवाया जाए। यूएलबी तथा पब्लिक हेल्थ आपसी तालमेल से कार्य करें किसी गली में सीवरेज व्यवस्था डाली जाती है तो तुरंत उस गली को दुरूस्त किया जाए। इस अवसर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, सीईओ जिप अनिल दून, डीएमसी गुलजार मलिक, नगराधीश डॉ. आशीष मौजूद थे।



लघु सचिवालय सभागर में अधिकारियों की बैठक लेते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा।

## ह्रदयगति रुकने से अमेरिका में अलेवा निवासी युवक की मौत

- सोचा था कर्ज भी उतर जाएगा और सुधर जाएंगे घर के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

ह्रदय गति रुकने से अमेरिका में अलेवा निवासी युवक नवीन उर्फ रिंकू की शुक्रवार दो मई को मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने बेटे के शव को पैतृक गांव लाने के लिए जिला प्रशासन तथा सरकार से गुहार की। मृतक के भाई अलेवा निवासी बलराज ने बताया कि नवीन उर्फ रिंकू करीब तीन वर्ष पूर्व अमेरिका चला गया था। हालांकि भाई को अमेरिका पहुंचने के बाद ट्रक चालक के तौर पर काम भी मिल गया था। उन्हें उम्मीद थी कि उसका कर्ज भी उतर जाएगा और घर के हालात भी सुधर जाएंगे, मगर सारे सपने टूट गए। नवीन को हार्ट अटैक आया। अमेरिका में युवक के साथियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उससे मृत घोषित कर दिया।



## खबर संक्षेप

### खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग

**जींद।** उचाना उपमंडल कार्यालय के सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी की अध्यक्षता में खंड उचाना के सभी पीपीपी टीम लीड, पंचायत सचिव की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पीपीपी से संबंधित पेंडिंग कार्य की समीक्षा करना, जीरो इंकम वेरिफिकेशन, सिंगल मेम्बर वेरिफिकेशन बारे टीम लीड की ट्रेनिंग करवाना रहा।

### ट्रक की चपेट में आने से एक घायल

**कैथल।** चीका के शहीद उधम सिंह चौक पर ट्रक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। चीका के विजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब उसके साले का लडका 23 वर्षीय आकाश 16 अप्रैल को चीका के शहीद उधम सिंह चौक से गुजर रहा था तो एक अज्ञात ट्रक चालक ने उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव पाजू खुर्द के निकट तेजरफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। फिलहाल सदर थाना सफीदो पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिघाना निवासी संजीव ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की वह फर्म में काम करता है। वह अपनी डयूटी कर बाइक से घर वापस लौट रहा था।

### दो कार की भिड़ंत में युवक घायल

**कैथल।** कैथल के जींद रोड बाईपास पर दो कारों की भिड़त में एक युवक घायल हो गया। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा रविवार देर शाम को हुआ, जब एक परिवार अपनी सेंट्रो कार में सवार होकर बनभौरी से आ रहा था। सेंट्रो कार के मालिक मुकेश कुमार ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र में रहता है। वह अपने परिवार के साथ बनभौरी गया था।

### गांव अंटा में मकान का टूटा ताला, नकदी चोरी

**जींद।** गांव अंटा मे बीती रात चोरो ने मकान का ताला तोड कर नकदी को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदो पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अंटा निवासी हिमांशु ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरो ने उसके मकान का ताला तोड कर सात हजार रुपये की नकदी को चोरी कर लिया।

### गेहूं के कट्टे चोरी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** अनाज मंडी पूंडरी से गेहूं के कट्टे चोरी के मामले की जांच चौकी पूंडरी पुलिस प्रभारी एएसआई राजेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी जरनैल सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी पूंडरी निवासी निर्मल व सुखदेव उर्फ बिंद्र को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुंडरी निवासी रामकुमार सिंह की शिकायत अनुसार 30 अप्रैल को पुरानी अनाज मंडी पूंडरी में स्थित उसकी दुकान से अज्ञात ने 7 कट्टे गेहूं चोरी कर लिए थे।

### कैंपस प्लेसमेंट में 73 अभ्यार्थियों का चयन

**जींद।** शिक्षुता और रोजगार शाखा की ओर से राजकीय आईटीआई के अंदर प्लेसमेंट कैंपस का आयोजन किया गया। इसमें धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड झज्जर कंपनी ने भाग लिया, जो एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है। इसके देश में 20 और विदेश में 12 प्लांट हैं और यह कंपनी सभी प्रकार के इलैक्ट्रॉनिक सैंसर और वायरिंग हारनैस उपकरण बनाती है।

### तार चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** तार चोरी करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा 2 अन्य आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यूएचबीवीएन एसडीओ कैथल की शिकायत अनुसार गांव नैना में 33 केवी बिजली की लाइन लगाने का काम चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

**जींद।** सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन एबीवीपी की मांग जल्द से जल्द पूरे करें। नहीं तो एबीवीपी कंट्रोलर कार्यालय के अंदर धरना देंगे। उन्होंने बताया कि एबीवीपी यूनिवर्सिटी इकाई ने 18 मार्च को यूनिवर्सिटी के कंट्रोलर डॉ. नीरज सिंह को स्पेशल चांस को और 19 मार्च को जींद कॉलेज में एबीवीपी इकाई ने कंट्रोलर के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि जिन छात्रों का कोर्स पूरा हो गया है।

### आबकारी वेलफेयर पेंशनर्स एसो.की बैठक

**जींद।** आबकारी एवं कराधान वेलफेयर पेंशनर्स एसोसिएशन ने बैठक कर सरकार के अडियल रवैये के खिलाफ रोष प्रकट किया। बैठक की अध्यक्षता नरेन्द्र सिंगला ने की। मंच संचालन महासचिव महेन्द्र जागलान ने किया। उन्होंने कहा कि पैंशनर्स 9 सालों से संघर्ष कर रहे हैं, परन्तु सरकार पैंशनर्स की मांगों के बारे में कुछ नहीं सोच रही है। बैठक जाट धर्मशाला के पार्क में हुई। धर्मबीर सैनी ने कहा कि महंगाई दिनों-दिन बढ़ रही है।

### शिविर में जनसमस्याओं का तुरंत समाधानः डीसी

**जींद।** जिले में नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे समाधान शिविरों में जरूरतमंदों को राहत मिल रही है। डीसी इमरान रजा ने बताया कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। जिनमें आमजन की शिकायतों की न केवल सुनवाई की जा रही है बल्कि तत्काल समाधान के लिए दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

### बढ़ती मंहगाई के विरोध में प्रदर्शन 13 मई को

**जींद।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी बढ़ती महंगाई के विरोध में 13 मई को जुलाना एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर पौली, हथवाला और लाजवाना कलां में बैठक की गई। लोकल कमेटी सचिव कामरेड रमेश चंद्र और सुरेश करसोला ने कहा कि आम जनता में बढ़ती महंगाई के कारण केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ भारी रोष दिखाई दे रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि ने आम लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है।

### गेहूं उठान में और अधिक तेजी लाने के दिए निर्देश

**जींद।** जिले में रबी सीजन के अंतर्गत गेहूं की खरीद प्रक्रिया तेजी से चल रही है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रज़ा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में गेहूं की खरीद के साथ-साथ उसके उठान की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए, ताकि बारिश के कारण फसल को नुकसान न हो, भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था बनी रहे और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह भी स्पष्ट किया कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर मिले।

### शिवाली ने जेआरएफ नेट यूजीसी में पाया 59वां स्थान

**जींद।** गांव रामराय निवासी शिवाली ढुल ने जेआरएफ नेट यूजीसी में 59वां रैंक हासिल किया। इससे परिवार में खुशी का माहौल है। पिता सुरेंद्र ढुल ने बताया कि शिवाली ने पंजाब विवि चंडीगढ़ में यूजीसी नेट परीक्षा में 99.83 परसंटाइल प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। आईआईटी जेईई एडवांस संसार की मुश्किल प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक परीक्षा होती है। शिवाली का बड़ा भाई विक्रम ढुल ने भी यूपीएससी, जेईई एडवांस में अंडर-50 रैंक हासिल किया था।

### राकेश टिकैत पर हुए हमले की निंदा की

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन जिला के कार्यकर्ताओं ने भाकियू राष्ट्रीय प्रेस प्रवक्ता राकेश टिकैत पर हुए हमले की निंदा की है। यूनियन के जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरीखेड़ी ने कहा कि पहलगाम के आतंकवादी हमले के विरोध में दो मई को मुजफ्फरनगर में एक रोष सभा के आयोजन में राकेश टिकैत भी आमंत्रित थे।

## मोतीलाल स्कूल में छात्र प्रतिभा शो का आयोजन

# छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर बांधा समां

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल प्रतिबद्ध : रविंद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


प्रस्तुत देती छात्राएं

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में सोमवार को छात्र प्रतिभा शो का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बहुआयामी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय का सभागार रंग-बिरंगी सजावट, संगीत और बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता और ऊर्जा से भर दिया। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल हमेशा से न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह प्रतिभा शो हमारे नए छात्रों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां वे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का परिचय दे सकते हैं। यह देखकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे विद्यार्थियों में कितनी विविध और गहन क्षमताएं छिपी हुई हैं। आज के इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला सिखाने का माध्यम भी है। कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में न केवल आत्म-अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित होती है, बल्कि वे समाज के प्रति उत्तरदायित्व, अनुशासन और सहयोग की भावना भी सीखते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को प्रतिभागिता प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास यह प्रमाणित कर रहे थे कि यह मंच उनके लिए कितना मायने रखता है और इसे बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम में पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक के छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। प्रस्तुतियों में शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, गायन, वादन, कविता पाठ, नाट्य प्रस्तुति, चित्रकला प्रदर्शन, योग जैसे विविध रूप शामिल थे। बच्चों ने जहां एक ओर अपनी संस्कृति और परंपरा को उजागर किया, वहीं आधुनिक विषयों पर आधारित स्किट और प्रेरणात्मक भाषणों के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश भी दिए। विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा और हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय इस प्रकार के आयोजन करता रहता है। ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और विद्यार्थी आंतरिक क्षमताओं को पहचानने और निखारने का अवसर प्राप्त कर सके।

# नशा मनुष्य के लिए घातकः मोनिका

■ सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। नशामुक्ति केंद्र में स्टाफ से जानकारी लेती सीजेएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने सोमवार को नजदीक सोमनाथ मंदिर नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे नशा मुक्ति अभियान से जुड़े और नशे को जड़ से खत्म करने का काम करें। प्राधिकरण सचिव मोनिका ने नशे की परिभाषा से लेकर उसके प्रकार, प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों के बारे बताया और विस्तार से चर्चा की। बताया कि भारत में वर्ष 1985 में एनडीपीएस एक्ट लागू किया गया है, इस अधिनियम के अन्तर्गत होने वाले अपराधों में कठोर दंड दिया जाता है। नशे को मनुष्य के लिए घातक माना गया है। इस मौके पर नशा मुक्ति केंद्र में 16 उपचाराधीन व्यक्ति मौजूद थे। प्राधिकरण सचिव ने केंद्र में रह रहे व्यक्तियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और जरूरी दिशा- निर्देश भी दिए। सीजेएम मोनिका ने स्टाफ को निर्देश दिए कि व्यक्तियों की देखरेख में कोई कमी नहीं आनी चाहिए तथा उनके स्वास्थ्य सम्बन्धित कोई भी लापरवाही ना की जाए।



जींद। नालंदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में सावित्रीबाई फुले को नमन करते हुए।

### मातृ दिवस मनाया

**जींद।** नालंदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में सोमवार को मातृ दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर छात्रों को सावित्रीबाई फुले के प्रेरणादायक जीवन, उनके संघर्षों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। संस्थान प्रबंधक नेहा कांगड़ा ने छात्रों को बताया कि सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुणे के भिड़े वाड़ा में पहला बालिका विद्यालय खोला था। जो उस समय एक क्रांतिकारी कदम था। समाज के रूढ़वादी तत्वों द्वारा उन्हें अपमानित किया गया। रास्ते में पत्थर और गोबर तक फेंके गए। लेकिन सावित्रीबाई हर दिन दो साड़ियां साथ लेकर निकलती थी।

### व्यक्तिगत श्रेणी के यंत्रों का दोबारा होगा भौतिक सत्यापन

**जींद।** सीआरएम स्कीम 2024-25 के अंतर्गत व्यक्तिगत श्रेणी के यंत्रों का दोबारा भौतिक सत्यापन होगा। सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत कृषि यंत्रों की 70 फीसदी अनुदान राशि जारी की जा चुकी है। बाकी राशि जारी करने के लिए उन कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, जिनकी अनुदान राशि एक लाख से अधिक है। डीसी की ओर से गठित भौतिक सत्यापन कमेटियों की ओर से छह और सात मई को वित्त वर्ष 2024-25 में अनुदान के लिए दोबारा कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। स्ट्रा बेलर और हेरेक मशीनों का भौतिक सत्यापन 6 मई को ब्लॉक जींद के कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन हमेटी परिसर में, जुलाना ब्लॉक के यंत्रों का शादीपुर स्टेडियम में और पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के यंत्रों का भौतिक सत्यापन अमरावली खेड़ा स्टेडियम में ब्लॉक अलेवा के लिए अनाज मंडी नगूरां में, सफीदों ब्लॉक का अनाज मंडी सफीदों में, नरवाना ब्लॉक के लिए औद्योगिक क्षेत्र नरवाना में किया जाएगा।

### बैठक में होगा विभिन्न मुद्दों पर मंथन : प्रवीन

**सफीदों।** अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक 11 मई को कैथल में होगी। अग्रवाल वैश्य समाज सफीदों के अध्यक्ष प्रवीन मित्तल ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला करेंगे। वहीं इस आयोजन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सिंगला एवं जिलाध्यक्ष डा. वरूण जैन का आतिथ्य प्राप्त होगा। इस बैठक में प्रदेश के सभी पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, लोकसभा अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, महिला एवं युवा संगठन के पदाधिकारी भाग लेंगे। बताया कि प्रांतीय बैठक में वैश्य समाज के विभिन्न मुद्दों पर गहनता से मंथन होगा। बैठक में वैश्य समाज का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित करने, युवा इकाई का प्रशिक्षण शिविर लगाने, महिला शक्ति सम्मेलन आयोजित करने, जिला स्तरीय मुद्दों पर प्रशासन को ज्ञापन देने, संगठन का सदस्यता अभियान चलाने को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया जाएगा।


नरवाना। छात्रों को जानकारी देते ट्रेफिक पुलिस कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**नरवाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देना और उन्हें सडक सुरक्षा के प्रति सजग बनाना था। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस में तैनात अधिकारी भीम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। भीम सिंह ने बच्चों को बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना न केवल हमारी सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचायक भी है। उन्होंने छात्रों को हेलमेट पहनने, सडक पार करते समय सावधानी बरतने, गाड़ियों की गति सीमा का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ ली।

### 75 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**सफीदों।** पहलगाम शहीदों की याद में सोमवार को नगर के महात्मा गांधी रोड पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि समाजसेवी देवेंद्र सहरावत, नरेश सिंह बराड़ व ऊषा बराड़ ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी श्याम स्वामी ने किया। अतिथियों ने करनाल के नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल व अन्य शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। अतिथियों ने रक्तदान करने वाले युवाओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ाया तथा प्रमाण-पत्र देकर उन्हे सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में 75 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह की तरफ देख रहा है कि कब भारत पाकिस्तान से इस बर्बरतापूर्ण हमले का बदला लेगा।


सफीदों। रक्तदाताओं को बैज लगाते अतिथि। फोटो :हरिभूमि


जींद। फीवर मास सर्वे चलाते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### गांव कैरखेड़ी में फीवर मास सर्वे किया

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला की स्वास्थ्य टीम ने रूपगढ़, जीतगढ़ और कैरखेड़ी गांव में फीवर मास सर्वे किया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर सुरेश कुमार की अगुवाई में स्वास्थ्यकर्मी देवीराम कौशिक, संजय, प्रमोद, सौरभ, कृष्ण, मुकेश रानी और मूर्ति देवी ने बुखार पीड़ित मरीजों की ब्लड स्लाइड बनाई और घर-घर जाकर मलेरिया और डेंगू से बचाव के तरीके बताए। स्वास्थ्यकर्मी देवीराम कौशिक ने कहा कि डेंगू बुखार में संक्रमित व्यक्ति के हड्डियों में दर्द होता है। सिर दर्द, बुखार, दस्त, आंखों में दर्द जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इसका प्रभाव दो से तीन दिन में दिखाई देता है। यह बीमारी बारिश के मौसम में अधिक होती है। वहीं मलेरिया बुखार में सर्दी और कंपन के साथ तेज बुखार होता है। इसके बाद गर्मी लगना और पसीने के साथ बुखार उतर जाता है।

### तेजरफ्तार बाइक की टक्कर से राहगीर की मौत

**जींद।** पटियाला चौक पर तेजरफ्तार बाइक की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। घटना को अजाम देकर चालक बाइक समेत मौके से फरार हो गया। शहर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनो को सौप दिया। गांव सिंध्वीखेडा निवासी महेंद्र कार्यवंश पटियाला चौक पर पैदल पटेल नगर की तरफ जा रहा था। उसी दौरान तेजरफ्तार बाइक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। इसमे महेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अजाम देकर चालक बाइक समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर हालात में महेंद्र को नागरिक हस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात देख पीजीआई रेफर कर दिया। परिजन उसे हिसार के नीजि अस्पताल ले गए। जहां पर उपचार के दौरान महेंद्र की मौत हो गई।


जींद। विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### यदुवंशी स्कूल के छात्रों ने दिखाया दम

**जींद।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन बीबीपुर के लिए आज का दिन गर्व और उपलब्धियों से भरा रहा। जिला स्तर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के दो छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और पूरे यदुवंशी समूह का नाम रोशन किया। कक्षा 11वीं (आर्ट्स) के छात्र आयुष ने भारतीय मानकों का व्यावहारिक ज्ञान, सैद्धांतिक विज्ञान शिक्षा से अधिक लाभकारी है विषय पर अपने सशक्त विचार प्रस्तुत कर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी तार्किक सोच, प्रभावशाली वक्तव्य शैली और विषय की गहरी समझ ने निर्णायकों को प्रभावित किया। कक्षा 12वीं (साइंस) की छात्रा मनप्रीत ने हर विकसित राष्ट्र के पीछे मानकीकरण एक अदृश्य स्तंभ है, विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# पदक विजेताओं को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कैंप में खिलाड़ियों के साथ मौजूद भाजपा नेता कैप्टन योगेश। फोटो :हरिभूमि

पिट्ठू एसो हरियाणा के तत्वावधान में तीन दिवसीय कैंप का आयोजन एकलव्य स्टेडियम में किया । इसमें पूरे प्रदेश भर से 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया और पिट्ठू खेल की जानकारी तकनीक प्राप्त की। इस कैंप का उद्देश्य आगामी मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में सात मई से नौ मई तक होने वाली राष्ट्रीय सीनियर व सब जूनियर पिट्ठू प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन करना था। कैंप के समापन समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन योगेश ने शिरकत की। सीनियर महिला वर्ग में मंदीप कौर कैथल से, सपना पानीपत से, आशा ईक्कस, प्रेरणा फतेहाबाद, खुशी, रितु, निशा, मनीषा खेड़ी तलौड़ा, मधु जींद का चयन हुआ। कोच अंकिता कौशिक और मैनेजर संजय कुमार रहेंगे। वहीं पुरुष वर्ग में अंकुश, रवि हैबतपुर, नसीब, अंकुश, नितेश खेड़ी तलौड़ा, सुनील, सूरज दनौदा, सुमित का चयन हुआ। सब जूनियर महिला वर्ग सपना दनौदा, ननज्योत, रिया जींद, ईसानी हैबतपुर, अंकिता, रिया, रूहानी, वंशिका, नमनदीप पंचकूला खिलाड़ी का चयन किया गया है। कोच रुबि हैबतपुर और मैनेजर रेखा दनौदा को नियुक्त किया गया है। पुरुष वर्ग कनिष्क हैबतपुर, हिमांशु, दक्षित, आदित्य, मनीत, अनुज दनौदा, दिव्यांश, कमलप्रीत, कार्तिक पंचकूला को चुना गया है।


जींद। जागरण में उपस्थित मुख्यातिथि राजकुमार गोयल व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### भव्य जागरण का किया आयोजन

**जींद।** रोहतक रोड स्थित दुर्गा कॉलोनी के प्रतिष्ठित दादा खेड़ा मंदिर में जागरण का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के वातावरण में संपन्न हुआ। इस धार्मिक अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रूद्राक्ष मिड्ढा, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डॉ. राजकुमार गोयल, जिला पार्षद विजय गोयल ने मुख्यातिथ के रूप में शिरकत की। ज्योत प्रज्वलन का शुभ कार्य सुभाष गोयल द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर जय दादा खेडा महाराज दुर्गा कालोनी जींद के प्रधान एवं कार्यक्रम के आयोजक मोहित गोयल, साडी एसोसिएशन के प्रधान सावर गर्ग, पवन बंसल, सचिन जांगड़ा, सोनू जैन, गोपाल जिंदल, अजय, कपिल देव, रूद्र शर्मा, तरूण मौजूद थे।

## निपुण हरियाणा मिशन की बैठक का किया आयोजन

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर दिया जोर

■ बालवाटिका-3 से कक्षा 1 तक के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाए : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



निपुण हरियाणा मिशन के तहत एडीसी सभागार में बैठक लेते एडीसी विवेक आर्य।

बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता बेहतर करने और उन्हें पढने-लिखने में निपुण बनाने के लिए सोमवार को निपुण हरियाणा मिशन के तहत एडीसी सभागार में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने की, इसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि बालवाटिका-3 से कक्षा 1 तक के बच्चों को खेल-खेल में और आनंददायक तरीके से पढ़ाया जाए। ताकि बच्चे आसानी से और खुशी से सीख सकें। उन्होंने कहा कि स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोडऩा सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 3 से 6 साल की उम्र के बच्चों का समग्र विकास जरूरी है और बालवाटिका से स्कूल मे प्रवेश करने वाले बच्चों को ऐसी शिक्षा मिले जिससे उनकी समझने और सीखने की क्षमता बढ़े। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नई तकनीकों का इस्तेमाल करके पढ़ाई को और रोचक व असरदार बनाने पर जोर देना चाहिए। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिले में निपुण हरियाणा मिशन के तहत कई नई पहलें की जा रही हैं। सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें अगली कक्षा में जाने वाले बच्चों का स्वागत किया गया। साथ ही नामांकन अभियान चलाकर शिक्षकों ने घर-घर जाकर 6 से 18 साल तक के बच्चों का सर्वे किया और अभिभावकों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समितियां मिशन के सफल संचालन में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। ये समितियां अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई की जानकारी देने, प्रतियोगिताएं कराने, व अभिभावकों की समस्याएं सुलझाने जैसे कार्य कर रही हैं। बैठक में डीईओ सुमित्रा देवी, डीईईओ सुभाष वर्मा, बीईओ सुरेश, बीईओ पुष्पा मौजूद रहे।



बैठक में भाग लेते वरिष्ठ नागरिक परिषद के पदाधिकारी व डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा।

### पौधरोपण अभियान चलाएगी वरिष्ठ नागरिक परिषद

**जींद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद जींद की आम सभा की बैठक डीआरडीए हॉल में प्रधान बूटा सिंह पूनिया की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्यातिथि के रूप में डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा शामिल हुए। बैठक के आरंभ में पहलगाम में मारे गए 26 लोगों का और परिषद के तीन सदस्यों की मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में वर्ष 2024-25 की बैलेंस सीट का ब्यौरा राज सिंह लाठर द्वारा पेश किया गया। जिसे सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर अनुमोदन किया। परिषद के प्रधान बूटा सिंह पूनिया ने कहा कि जुलाई में परिषद द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि उसके लिए काफी बजट की आवश्यकता है, क्योंकि ट्री-गार्ड और पानी के प्रबंधन बिना यह संभव नहीं है। पूनिया ने इसके लिए डिप्टी स्पीकर से पांच लाख रुपये अनुदान देने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि ने सहयोग करने काआश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### साइबरों ने अलग-अलग मामलों में लाखों उड़ाए

**कैथल।** साइबर ठगों का आमजन के खातों पर साइबर अटैक जारी है। दूसरे दिन भी तीन अलग-अलग थानों में साइबर ठगी के चार मामले सामने आए हैं। इसमें दो कैथल के सिविल लाइन और एक-एक गुहला व राजौंद थाना में सामने आया है। इन मामलों में करीब सवा लाख रुपये की ऑनलाइन माध्यम से धोखाधड़ी की गई है। सभी मामलों में संबंधित थाना की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### पहला मामलाः खाते से 45 हजार 652 का फ्रॉड

कैथल। सिविल लाइन थाने में दी गई शिकायत में भगत सिंह कॉलोनी निवासी पंकज ने बताया कि उसका फोन बच्चे के हाथ में था। इस दौरान उसने आईफोन का विज्ञापन देखा। इसके बाद इसे खरीदने के लिए संपर्क किया जो दो मई फोन के बदले तीन हजार रुपये की मांग की। इसके बाद उसने 1700 रुपये भेजे फिर मैसेज के माध्यम से साइबर ठग ने कहा कि आप और पैसे भेजो। इसके बाद फिर से 1750 रुपये भेजे। इस प्रकार से उसके खाते से 45 हजार 652 का फ्रॉड किया गया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### दूसरा मामलाः खाते से अज्ञात ने 27 हजार निकाले

गुहला थाने में दी गई शिकायत में रामथली गांव निवासी हरपाल सिंह ने बताया कि 30 मार्च को उसके बैंक खाते से किसी अज्ञात ने 27 हजार 600 रुपये की धोखाधड़ी कर ली है। इसकी शिकायत मैंने तुरंत ही साइबर क्राइम विभाग को दे दी थी। इसलिए अज्ञात आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### तीसरा मामलाः क्रेडिट कार्ड अप्लाई के नाम पर ठगी

राजौंद थाने में दी गई शिकायत में राजौंद निवासी उज्जवल ने बताया कि सात मई 2024 को उसके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से 36 हजार 32 रुपये का फ्रॉड हुआ। बताया कि उसके पास वाट्सएप एक क्रेडिट कार्ड अप्लाई करने के लिए लिंक आया था। लिंक आने के बाद उसके पास अज्ञात नंबर से फोन आते ही खाते से रुपये कट गए। इस मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### चौथा मामलाः ऑनलाइन फ्रॉड कर हजारों का चूना

कैथल के सिविल लाइन थाने में दी गई शिकायत में रणधीर कॉलोनी कैथल निवासी अर्चना ने बताया कि 25 अप्रैल 2025 उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले कहा कि वह एलआईसी एजेंट बोल रहा है। वह आपके बीमा की 20 हजार रुपये की राशि डाल रहा है। ऐसे में उसने ऑनलाइन फ्रॉड करते ओटीपी के माध्यम से रुपये काट लिए। आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। इस मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी मामले में बेलजंपर आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा वर्ष 2018 दौरान के बाइक चोरी मामले में उद्घोषित अपराधी कैलरम निवासी राहुल को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी राहुल पर 8 जून 2018 को मॉडल टाउन कैथल से एक बाइक चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज है। आरोपी को उक्त मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत था।

### कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन आज व कल

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उप निदेशक डा. बाबु लाल ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते कृषि संबंधी अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। फसल अवशेष प्रबंधन के तहत कृषि यंत्रों का पुनः भौतिक सत्यापन छह व सात मई को किया जाएगा। किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन करने के लिए सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान राशि दी जाती है।

---

### हरियाणा के हक के लिए हर मोर्चे तक लड़ी जाएगी लड़ाई: रामपाल माजरा

# पंजाब की मान सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जताया विरोध

**पीएम के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन, प्रदर्शन में भारी संख्या में महिलाओ ने सीएम भगवंत मान के नाम के मटके फोड़े पानी रोकने पर निकाली पंजाब सीएम की शवयात्रा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल





**कैथल।** नवग्रह चौक पर प्रदर्शन करते इनेलो नेता व कार्यकर्ता व प्रदर्शन के दौरान मटका फोड़ती महिलाएं।

पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा की अगुवाई में इनेलो पार्टी ने सोमवार को पंजाब सरकार द्वारा पानी कम किए जाने पर जोरदार प्रदर्शन किया और सीटीएम गुरविंद्र सिंह को प्रधानमंत्री के नाप ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन में कार्यकर्ताओ ने हरियणा का पानी रोकने के विरोध में पंजाब के सीएम भगवंत मान की प्रतीक के तौर पर शवयात्रा भी निकली। प्रदर्शन से पूर्व इनेलो कार्यकर्ता जवाहर पार्क में एकत्रित हुए। प्रदर्शन में भारी संख्या में महिलाओ ने भाग लेते हुए सीएम भगवंत मान के नाम के मटके भी फोड़े। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार की पंजाब से जड़े उखड़ती हुई दिख गई हैं। दिल्ली में लोगों ने आम आदमी पार्टी का सफाया कर दिया है। अब पंजाब से भी इस पार्टी को अपना सूपड़ा साफ होता दिख रहा है तो लोगों की भावनाओं का फायदा उठाने की फिराक में आम आदमी पार्टी सरकार ने अब संघीय ढांचे को नकार कर अराजकता फैलाने का काम किया है। केंद्र सरकार के फैसले हों, बीबीएमबी के फैसले हों, जल समझौते हों या सुप्रीम कोर्ट के आदेश हों, पंजाब सरकार ने सभी को नकार कर संघीय ढांचे को नुकसान पहुंचाया है। माजरा ने कहा कि सबसे पहले 29 जनवरी 1955 को सबसे पहला पानी बंटवारे का समझौता हुआ। इसके बाद श्रीराम कमेटी की सिफारिशों पर समझौता हुआ। इसके बाद 1971 में तत्कालीन योजना मंत्री दुर्गा प्रसाद धर की अध्यक्षता में कमेटी बनी और उसकी सिफारिशें पर समझौता हुआ। इसके बाद भारत सरकार ने 1976 में पानी बांटा। इसके बाद वधवा कमेटी की सिफारिश पर समझौता हुआ। इसके बाद 31 दिसंबर 1981 को भारत सरकार ने समझौता करवाया। इसके बाद 30 जनवरी 1987 को न्यायमूर्ति बीबी इराडी ने फैसला दिया। इसके बाद 2002, 2004, 2016 में भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले आए। इन सभी समझौतों व फैसलों में हरियाणा को उसका पानी देने की बात कही गई लेकिन पंजाब ने इन किसी भी फैसलों व समझौतों को लागू नहीं किया। पिछले माह बीबीएमबी की तकनीकी कमेटी ने फैसला दिया कि हरियाणा सरकार द्वारा पानी छोड़ा जाना है, वह भी पंजाब ने नहीं माना। इसके बाद 30 अप्रैल को बीबीएमबी ने फैसला दिया, वह भी नहीं माना। दो अप्रैल को हुई बैठक में पंजाब के अधिकारी आए ही नहीं। माजरा ने कह कि हरियाणा का पानी का मामला राजनीति की भेंट चढ़ गया है। पंजाब के नेताओं को पानी के मुद्दे में राजनीतिक सफलता नजर आती है लेकिन लोग अब जागरूक हो गएहैं। पंजाब से आम आदमी पार्टी का सूपड़ा साफ होगा। माजरा ने कहा कि इनेलो पार्टी हरियाणा के किसानों के लिए किसी भी स्तर तक लड़ाई लड़ेगी। पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने भी जल युद्ध किया था। इसके बाद चौधरी अभय सिंह चौटाला ने भी एसवाईएल के पानी के लिए लगातार संघर्ष किया है। इनेलो पार्टी केंद्र सरकार से मांग करती है कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और बीबीएमबी के फैसले के अनुसार हरियाणा को उसके हक का पानी दिया जाए। ताकि प्रदेश में सिंचाई व पेयजल के लिए पानी की कमी न रहे। माजरा ने कहा कि पानी नियंत्रण कक्ष पर ताला लगाना और पुलिस तैनात करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

#### ये रहे मौजूद

प्रदर्शनकारियों में इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तंवर, शशी वालिया, रामप्रकाश गोगी, राजा राम माजरा, जसमेर तितरम, पप्पू मोनी बालू, इंद्र पाई, सुरजीत पबनावा, महाबीर पट्टी अफगान, हलकाध्यक्ष रोहित कुंडू कैलरम, किसान सैल के जिलाध्यक्ष सलिंद्र राणा, ओबीसी अध्यक्ष सोनू वर्मा, जिलाध्यक्ष महिला सैल पूनम सुल्तानी, पवन ढुल, भूपेंद्र जैलदार, राजेश प्योदा, काला प्योदा, शहरी अध्यक्ष सतीश गर्ग, प्रदीप सिंहमार आदि उपस्थित थे।

---

# किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी

- भाकियू (चढूंनी) ने सावाना सीड्स के बीजों की खरीद नीति स्पष्ट करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶पूंडरी



**पूंडरी।** मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौपते किसान। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की मासिक बैठक किसान भवन पुंडरी मे जिलाध्यक्ष गुरनाम फरल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण ने किया। बैठक मे मुख्य तौर पर युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने भाग लिया।

बैठक के बाद युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट के नेतृत्व मे सैकड़ो किसान सरकार की किसान विरोधी नीतियो के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्किट कमेटी कार्यालय पुंडरी मे पहुंचे ओर सावाना कंपनी के 7301 व 7501 कंपनियो के हाईब्रीड बीज की खरीद को लेकर सरकार से नीति स्पष्ट करने के लिये मार्किट कमेटी सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौपा। युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि प्रदेश के किसानों द्वारा पिछले वर्षो मे बाजार में आए सावाना सीड्स कंपनी के सावा 7301 एंव 7501 एंव अन्य कंपनियों के हाईब्रीड बीज किस्मों की अधिक पैदावार को लेकर पसंद किया है, परंतु व्हाट्स-अप ग्रुपो के मध्यम से शैलर व आढ़तियो द्वारा किसानों के बीच तरह तरह की चर्चा की जा रही है की इन किस्मों के बीजो में चावल का टुकड़ा ज्यादा है इन किस्मों की सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद नही होगी। यदि खरीद होगी तो पिछले वर्ष के भाँति प्रति किवंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य मे कट लगाया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

सावाना सीड्स कंपनी के सावा 7301 एंव 7501 एंव हाईब्रीड बीज की खरीद नीति को स्पष्ट करे कि ये धान की किस्में सरकारी खरीद में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिक्री होगी या नही। जिसे लेकर प्रदेश सरकार अभी से अपनी स्थिति स्पष्ट करे। यदि प्रदेश सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट नही करती और शैलर मालिको व आढ़तियो द्वारा खरीद में आनाकानी की गई तब धान बिक्री के समय किसान मजबूरवंश सड़कों पर उतरेंगे और धान खरीद के समय बड़े आंदोलन होने तय है और हम इस हक में नही है। भाकियू (चढूंनी)मांग करती है कि धान के बीजों को लेकर सरकार जल्द अपनी स्थिति स्पष्ट करे ताकि किसान समय पर अपनी धान की पनीरी की बीजाई कर सके। रणधीर बरसाना,लहणा मुंढडी, पिरथी कौल, ओमप्रकाश चढंलाना, मोनी सिकंदर खेडी, बलिनदरं हजवाना, रामपाल मुंढडी,नरेंद्र हाबडी, शीलू बाकल, सुरेंद्र हजवाना मौजूद रहे।

---

# विद्यालय में पांच पंखे दान किए

- दीपक शर्मा उर्फ कालू शर्मा ने स्कूल को दिए पंखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजौंद



**राजौंद।** बीरबांगड़ा के राजकीय स्कूल में कार्यक्रम में भाग लेते हुए ग्रामीण।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला बीर बांगडा में दीपक शर्मा उर्फ कालू शर्मा ने पांच पंखे दान कर एक अनूठी व अनूकरणीय मिसाल पेश की। अधिक जानकारी देते हुए विद्यालय के शिक्षक राजकुमार राजौंद ने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला बीर-बांगडा में हालांकि इससे पहले समय समय पर कई दानी सज्जनों ने पाठशाला मेंझस्टेशनरी,वर्दी, जर्सी,पंखे के साथ साथ प्रीति भोज का प्रबंध किया है। लेकिन गांव के निवासी होने के नाते दीपक उर्फ कालू शर्मा ने जो अनुकरणीय व अद्वितीय पहल जरूरतमंद और आवश्यकता वालों की मदद करके की है वह बहुत ही काबिल ए तारीफ एवं सराहनीय है। जिसके लिए दीपक शर्मा बधाई एवं प्रशंसा के पात्र है। इस दौरान दानी सज्जन दीपक उर्फ कालू शर्मा ने अपने संबोधन में भविष्य में भी यथासंभव एव यथाशक्ति प्राथमिक पाठशाला में सभी प्रकार से सहयोग व मदद करने का आश्वासन दिया। इसके लिए विद्यालय स्टाफ ने उनके इस नेक व अनुकरणीय कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यार्थियों ने भी दीपक उर्फ कालू शर्मा के मंगल भविष्य तथा घर परिवार,व्यापार,आजीविका में दिन दोगुनी रात चोगुनी तरक्की व सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं इसके लिए विद्यालय प्रभारी रामनिवास, शिक्षक राजकुमार, शिक्षक आंनद कुमार, शिक्षक जोगिंदर सिंह के साथ साथ सुभाष शर्मा तथा दौलत राम शर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

---

# उच्च शिक्षा में इंटर्नशिप का महत्व बताया

- एमए अंग्रेजी छात्रों के लिए इंटर्नशिप अवसरों पर वर्कशॉप एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल



**कैथल।** वर्कशॉप एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व विद्यार्थी।

आरकेएसडी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने संस्थागत इंटर्नशिप सेल (आईआईसी) के सहयोग से एमए अंग्रेजी के द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए वर्कशॉप एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पीजी सेमिनार कक्ष में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह कार्यशाला सभी छात्रों के लिए अनिवार्य थी। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सत्यबीर सिंह महला ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा में इंटर्नशिप के महत्व पर प्रकाश डाला। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजबीर पाराशर ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और विभाग की छात्र रोजगार क्षमता बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंग्रेजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास भारद्वाज ने एमए अंग्रेजी के छात्रों के लिए इंटर्नशिप के विभिन्न पहलुओं पर एक व्यापक प्रस्तुति दी। व्याख्यान में इंटर्नशिप की मूल अवधारणाओं, उनके महत्व, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभाव, प्रकाशन, मीडिया, शिक्षा, अनुवाद,अनुसंधान, डिजिटल मानविकी और रचनात्मक क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसरों, तथा इंटर्नशिप की तैयारी और आवेदन रणनीतियों पर महत्वपूर्ण जानकारी शामिल थी।

---

# करोड़ा के बच्चों को दूषित पानी से गुजरकर जाना पड़ रहा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाई



गली में जमा गंदा पानी दिखाते बच्चे

करोड़ा गांव के स्कूली बच्चों को गंदे पानी से गुजरने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण महावीर, रामकुमार, नरेंद्र आदि ने बताया कि उनके गांव में चल रहे राजकीय माड़ल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के बिल्कूल सामने वाली गली में अकसर गंदा पानी खड़ा है। इस गली से गंदे पानी की निकासी का कोई प्रबंध नही है। बरसात के समय तो स्थिति और भी बुरी हो जाती है। इस गली से स्कूल में जाने वाले छोटे- छोटे बच्चों को इस गंदे पानी से गुजर कर जाना पड़ रहा है। जिस कारण से कई बार छोटे- छोटे बच्चें पानी में पिसल कर गिर जाते है और वे गंदे पानी में बुरी तरह से भीग जाते है। उन्होंने इस गली से इस गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध करवाने की मांग की है।

---



## राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में अव्वल छात्रा स्नेहा को किया सम्मानित

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज की एम.एससी. गणित (सत्र 2022-2024) की मेधावी छात्रा स्नेहा ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनइटी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 28वीं रैंक हासिल की है। यह उपलब्धि न केवल स्नेहा के कठोर परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है, बल्कि संस्थान के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और शैक्षणिक वातावरण को भी दशार्ती है। स्नेहा की इस असाधारण सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. एस. महला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्नेहा ने अपनी लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से कॉलेज का गौरव बढ़ाया है और अन्य छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनी हैं।

---

# सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल



**कैथल।** वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसाइटी कैथल की मासिक बैठक प्रधान नरेंद्र निझावन व मुख्य संरक्षक महेश दुआ की अध्यक्षता में मदनलाल ढींगरा स्मारक स्थित पंजाबी वैलफेयर सभा के सभागार में आयोजित की गई।मंच का संचालन करते महासचिव धन सचदेवा ने बताया कि बैठक के आरंभ में सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। तत्पश्चात आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में घूमने आए निहत्थे पर्यटकों की हत्या के विरोध में शोक संवेदना प्रकट करते मृतकों के प्रति मौन रख श्रद्धांजलि प्रकट की गई। इसके बाद अशोक भारती,आई डी अरोड़ा,वी के चावला, रामलाल कालड़ा,रघबीर बतरा ने अपने विचारों व भजनों से सदन को अनुग्रहित किया। मुख्य संरक्षक महेश दुआ ने अपनी चिर-परिचित शेरों शायरी वाली शैली में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का अभिनन्दन किया तथा संस्था के प्रधान नरेंद्र निझावन ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी व वरिष्ठ नागरिकों की दिनचर्या में आने वाली पारिवारिक सामाजिक व प्रशासनिक समस्याओं पर चर्चा की। इन्द्रजीत सरदाना, राजकुमार मुखीजा आदि मौजूद रहे।

---

### कलायत में केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर 71 यूनिट रक्त एकत्रित

# रक्त की एक-एक बूंद जीवनदायनी: कमलेश

- करोड़ों की विकास योजनाएं मनोहर लाल की विकास पुरुष सोच का प्रमाण : कमलेश ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कलायत



**कलायत।** पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए।

कलायत अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला परिसर में केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 71 वें जन्म दिन अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें रक्तदाओं द्वारा 71 यूनिट रक्तदान करते मनोहर लाल के जन्मदिन को जन सेवा के नाम समर्पित किया। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने शिरकत की। वार्ड 1 पार्षद कुमारी रेणू धानियां ने पगड़ी पहनाकर कमलेश ढांडा का पार्षदों, पदाधिकारी- कार्यकर्ताओं, रक्तदाओं व विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों के साथ शिविर में पहुंचने पर अभिनंदन किया। इस अवसर पर विशेष रूप से कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, जाखौली मंडल अध्यक्ष अनिल मलिक, बालू मंडल अध्यक्ष नरेंद्र जुलानी खेड़ा, राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल, मंडल महामंत्री रमेश ढूंढवा, सचिन शर्मा, वीरेंद्र राणा, राजकिशन राणा, धर्मपाल धीमान, रवींद्र धीमान, राकेश कांसल, राजेश वेद, पार्षद उषा रानी, सचिन राणा, प्रीत जगदेव, प्रदीप राणा, राजेश राणा, महीपाल पंवार, विनोद जेष्ठ, रवींद्र निर्मल बंटी, संजय धीमान, अनिल कांसल, रिषीपाल कौलेखां व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कमलेश ढांडा की अगुवाई में मनोहर लाल के जन्म दिवस की खुशी में केक काटा गया और रक्तदाओं को प्रमाण पत्र एवं बैच के साथ सम्मानित किया।

#### रक्तदान करने वाले युवाओं को किया सम्मानित

कमलेश ढांडा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश मुख्यमंत्री रहते हुए कलायत विधानसभा क्षेत्र को जो अभूतपूर्व सौगात दी उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। मनोहर की मनोहर सोच से ही कलायत को गांव से शहर की शकल मिली। शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में करोड़ों की विकास योजनाएं मनोहर लाल की विकास पुरुष सोच का प्रमाण है। इसलिए क्षेत्र में उनके जन्म दिन को लेकर उत्साह एवं उमंग का माहौल है। विकास की इन सौगातों का क्रम प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। रक्त शिविर में कमलेश ढांडा ने खुला दरबार लगाकर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को निवारण के निर्देश दिए। कमलेश ढांडा ने कहा कि रक्तदान महादान है। क्योंकि रक्त की एक-एक बूंद विपरित परिस्थितियों से जूझ रहे लोगों के लिए जीवनदान का काम करती है। इसके मद्देनजर केंद्रीय मंत्री के जन्म दिन अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजन करने का निर्णय लिया। मनोहर लाल जन्म दिवस पर आयोजित शिविर में कुराड़ गांव के मंजीत ने 60 वीं बार रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान करने पहुंचे युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा ने इस प्रकार बार-बार रक्तदान करते रिकार्ड दर्ज करवाने वाले युवाओं को विशेष रूप से सम्मानित करने का आग्रह पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा से किया।

## खबर संक्षेप

### अनाज मंडी से हजारों रुपये का गेहूं चोरी

**कैथल ।** पुंडरी की नई अनाज मंडी से चोर हजारों रुपए का गेहूं चुरा कर ले गए। नई अनाज मंडी पूंडरी के रामकुमार ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 30 अप्रैल को चोर उनकी दुकान के सामने से गेहूं के सात बैग चुरा कर ले गए। मामले के जहां से अधिकारी हेड कांस्टेबल जनरल सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरों ने ताला तोड़कर सामान चुराया

**कैथल।** कैथल के गांव सिरटा से चोर एक मकान का ताला तोड़कर उसमें रखी 12000 की नकदी व सोने तथा चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए। गांव सिरटा की सुमन ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 4 मई की रात को चोर उसके घर में घुसकर पेटी का ताला तोड़ते हुए उसमें रखा मंगलसूत्र तथा अन्य जेवरात तथा 12000 की नकदी चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 90000 बताई गई है। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार से दूसरे मामले में गांव किठाना के दिलीप सिंह ने राजोद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 4 मई की रात को चोर उसकी दुकान का शटर तोड़कर वहां पर रखे 10000 की नगदी व अन्य सामान चुरा कर ले गए।

### गांव शादीपुर से बिजली ट्रांसफार्मर चोरी

**कैथल।** गांव शादीपुर से चोर हजारों रुपए का बिजली ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। बिजली निगम गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 29 अप्रैल को चोर गांव शादीपुर के किसान परविंदर सिंह के खेतों में रखा 16 केवीए का ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत 82800 बताई गई है। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी करने का आरोपी ऑटो ग्रामीणों ने पकड़ा

**जींद।** गांव संगतपुरा सरकारी स्कूल की कंप्यूटर लैब से 17 बैट्रियो तथा यूपीएस चोरी कर ले जा रहे आटो चालक को ग्रामीणो ने काबू कर लिया। जबकि चोरी वारदात मे शामिल तीन महिलाए खेतों में फरार होने मे कामयाब हो गई। सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए आटो चालक तथा फरार तीन महिलाओं के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव संगतपुरा सरकारी स्कूल कंप्यूटर लैब का ताला तोड कर बीता चोरो ने 17 बैटरी तथा सीपीयू को चोरी कर लिया। चोर स्कूल से चोरी के सामान को आटो लोड कर ले जा रहे थे। उसी दौरान ग्रामीणो की नजर चोरों पर पड़ गई। ग्रामीणो ने आटो चालक को काबू कर लिया। जबकि चोरी मे शामिल तीन महिलाएं खेतों में जा घुसी और फरार हो गई। ग्रामीणो ने पकड़े गए आटो चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। उसकी पहचान गांव बुटाना के सुरजीत के रूप मे हुई।

## रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती : डॉ. कृष्ण मिड्ढा

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर शहर में लगाया शिविर, 140 युवाओं ने रक्तदान किया

- इस युग में मनोहर लाल राजनीति के संत : अशोक छाबड़ा
- मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन ने मनाया गया मनोहर लाल का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मोत्सव पर सोमवार को मिड्ढा क्लीनिक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। शिविर में 140 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में बबीता परूथी व उसके पति मुरारी परूथी ने एक साथ रक्तदान कर समाज हित में एक मिसाल कायम भी की।

डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा को एक नई दिशा एवं दशा प्रदान करने का काम किया है। उसी कड़ी पर हरियाणा सरकार गरीबों के उत्थान के लिए दिन-प्रतिदिन अनेकों कार्य कर रही है। बिना खर्ची- बिना पर्ची युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की जा रही और गरीबों का उत्थान करने के लिए अंत्योदय की भावना से राज्य सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है, जो जरूरत पडऩे पर अस्पताल में भर्ती मरीजों के जीवन के लिए एक वरदान की तरह है। इसलिए सभी स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती, बल्कि नए रक्त का संचार शरीर में होता है। इस अवसर पर पार्षद गुलशन आहूजा, वार्ड नंबर एक पार्षद प्रतिनिधि सुनील लोहाट, अमर अरोड़ा, मुनीश, सौरभ अनेजा, वार्ड नंबर 24 के पार्षद अनिल नंदा, विनोद डंग, बबलू गर्ग, बबलू गोयल, राजीव जैन, जितेंद्र सैनी, नीरज मिगलानी, रामभगत शास्त्री, रुद्राक्ष मिड्ढा, हरियाणा डिप्टी स्पीकर के प्रतिनिधि राजन चिलाना, मोहित शर्मा, मीडिया कॉर्डिनेटर सन्नी मग्गु मौजूद थे। इस युग में मनोहर लाल राजनीति के संत : अशोक छाबड़ा

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने श्री जयंती देवी मंदिर सिद्धपीठ में हवन यज्ञ का आयोजन किया। इस अवसर पर परमात्मा से मनोहर लाल की दीर्घायु की कामना की गई। हवन के बाद यहां मंदिर परिसर में तुलसी के पौधे रोपित किए।





जींद। रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा व श्री जयंती देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा।



जींद। पूर्व सीएम के जन्मदिन पर मिठाई खिलाती वृंदा शर्मा।

### संगठन ने मनाया जन्मदिन

मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन के कार्यालय में सोमवार को पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने मनोहर लाल खट्टर को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य, दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य के लिए कामना की। इस मौके पर मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन युवा प्रदेशाध्यक्ष श्रीमति वृंदा शर्मा ने कहा कि मनोहर लाल एक महान नेता हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में हरियाणा में बहुत अधिक परिवर्तन किए और मैरिट के आधार पर बच्चों को नौकरियां दी। महिलाओं के उत्थान के लिए भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्कीम आरंभ की और अनेकों कदमों से महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों प्रयास किए। इस अवसर पर मुकेश मलिक, स्वीटी, रेनू बाला, पुष्पा, बुलबुल, पूनम मलिक, सुमन, ज्योति, संगीता मौजूद थी।

### हेलमेट भेंट करके मनाया जन्मदिन



**जींद।** पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में रक्तदान शिविर का आयोजन विधायक देवेंद्र अत्री द्वारा किया गया। ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों के साथ भी जन्मदिन मनाया। रक्तदान करने वालों को सडक़ सुरक्षा के लिए हेलमेट भेंट किए गए। विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि मनोहर लाल के कार्यकाल में बिना खर्च-बिना पर्ची जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की। उनकी ऑनलाइन नीतियों को अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। पंजाब-हरियाणा जल विवाद पर बोलते हुए अत्री ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस मुद्दे पर अनुचित राजनीति कर रहे हैं। दोनों राज्य हमेशा से भाई की तरह रहे हैं। पंजाब बड़ा भाई है, इसलिए उसे अपना कर्तव्य निभाते हुए हरियाणा के हिस्से का पानी देना चाहिए।

### रक्तदान करना एक महान सेवा



**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि रक्तदान करना एक महान सेवा है। रक्तदान का महत्व बहुत गहरा और मानवीय है। यह न केवल दूसरों की जिंदगी को बचाता है, बल्कि समाज में एकता, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करता है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए ताकि जरूरतमंद रोगियों को उनकी आवश्यकता अनुसार रक्त देकर उनका जीवन बचाया जा सकें। विधायक सतपाल जांबा सोमवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर राधा कृष्ण धर्मशाला ढांड में आयोजित मनोहर रक्तदान शिविर में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्रहित में निरंतर सक्रिय योगदान की कामना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। हमें अपने जन्म दिन पर रक्तदान शिविरों आयोजन करना चाहिए।

# केएम कॉलेज में 9 मई को होगा पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



- प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह।

केएम राजकीय महाविद्यालय में नौ मई को जिन प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा, समर्पण और कड़ी मेहनत से महाविद्यालय का नाम रोशन किया है उनके लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कॉलेज कैंपस में किया जाएगा। प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने बताया कि वर्ष 2023-24 में जिन छात्रों ने 70 प्रतिशत या अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया है उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा जिन्होंने यूनिवर्सिटी लेवल पर पोजीशन प्राप्त की या टॉप 10 में आए हैं उन सभी छात्रों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। वर्ष 2024-25 के दौरान सह शैक्षणिक गतिविधियों जैसे सांस्कृतिक गतिविधि में जोनल, इंटर जोनल या यूनिवर्सिटी लेवल पर पोजीशन प्राप्त करने वाले, खेलकूद प्रतियोगिताओं में यूनिवर्सिटी लेवल, नेशनल व राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। यूनिवर्सिटी लेवल, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी इसमें सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों की सूची वेबसाइट पर डाल दी गई है। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यातिथि कपिल मुनि राजकीय महाविद्यालय कलायत के राजेश सैनी व विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर संतरो लांबा शिरकत करेंगी।

# अनाज मंडी में उठान को लेकर आढ़ती परेशान

## डीसी व विधायक ने आढ़तियों को उठान में तेजी लाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



जींद। उठान धीमा होने से शैड के समीप लगे गेहूं के बैगों के ढ़ेर।

अलेवा अनाज मंडी की व्यापारी एसेसिएशन के पदाधिकारी प्रधान रामपाल के नेतृत्व में सोमवार को उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री व डीसी मोहम्मद इमरान रजा से मुलाकात कर खरीद किए गए बैगों के उठान में तेजी लाने का अनुरोध किया। विधायक व डीसी ने व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मंडी में एजेंसियों द्वारा खरीद किए गेहूं के बैगों के उठान में तेजी लाने का आश्वासन दिया है। डीसी व विधायक के समक्ष व्यापारियों ने कहा कि अनाज मंडी में खरीद एजेंसियों द्वारा खरीद किए गए दो लाख से अधिक बैग अटके पड़े है। इसके अलावा काफी संख्या में गेहूं की ढेरियां बैगों में भरे बिना बाहर खुले में पड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि पहले तो कई दिनो तक उठान सही प्रकार से चलने के साथ ही पचास प्रतिशत गेहूं के बैगों का उठान करवा दिया गया था, लेकिन पिछले कई दिनों से ठेकेदार द्वारा गाड़ी न मिलने के कारण उठान धीमी गति से किया जा रहा है। उठान धीमा होने व आए दिन हो रही बारिश के पानी से गेहूं के बैगों व ढेरियों को बचाने के लिए आढ़ती मजदूरों के माध्यम से तिरपाल आदि डालकर बचाने में लगे हुए है। रविवार देर शाम को तेज हवाओं के साथ हुई जोरदार बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से कई आढ़तियों की दुकानों के गेहूं के बैग पानी में भीग गए है। इसका नुकसान आढ़तियों को वहन करने के अलावा काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। डीसी व विधायक ने व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मंडी में खरीद किए बैगों के उठान में तेजी लाने का आश्वासन दिया है।




कैथल। खिलाड़ियों को सम्मानित करते जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट

### डीइओ ने अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**कैथल ।** जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया घागट जी, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र हुड्डा,उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल , डी एम एस छत्रपाल द्वारा 68 वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता दिल्ली अंडर / 19 खो-खो लड़के और लड़कियों में ब्रोंज मेडल जीतने पर सभी ऑफिशियल और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर सहायक शिक्षा अधिकारी खेल रमेश चहल ने बताया कि अंडर-19 लड़को व लड़कियों में टोटल 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें कैथल जिले के 6 खिलाड़ी तीन लड़के व तीन लड़कियां ने भाग लिया। लड़कों में 2 खिलाड़ी आर्यन व सौरव सैनिक स्कूल काकोत से और एक खिलाड़ी आशीष जो नरडाचल स्कूल नरड से है और लड़कियां में पारुल मुस्कान व प्रियंका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टयोठा से है। इस मौके पर रजनी डीपीई, जगदीश कोबरा पीटीआई, रणदीप सिंह डीपीई को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टयोठा रोशन लाल, हैड मास्टर विजय टांक ,हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के जिला प्रधान विजेंद्र बेरवाल, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार डीपीई मौजूद रहे।

# छात्रों को मॉडल के वीडियो व जानकारी मानक एप पर अपलोड करनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंस्पायर मानक अवार्ड योजना में जिला स्तर पर चयनित होने वाले 20 विद्यार्थियों को अपने मॉडल के वीडियो और उसकी जानकारी मानक एप पर अपलोड करनी होगी। इसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरुग्राम ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। यह जानकारी 31 मई तक एप पर देनी होगी। इसके बाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। वहीं, जिला शिक्षा विभाग ने चयनित होने वाले विद्यार्थियों के राजकीय और निजी स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। बता दें कि जिले के राजकीय व निजी स्कूलों से 20 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर के लिए हुआ है। इन विद्यार्थियों को अपने आइडिया का मॉडल बनाने के लिए दस हजार रुपये की राशि जारी की है। दरअसल आइडिया चयनित होने पर उसे मॉडल का रूप देने के लिए विद्यार्थी को जिला स्तर पर दस हजार रुपये मिलते हैं। इसके बाद राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर अलग-अलग धनराशि मिलती है। देशभर के स्कूलों से तैयार होने वाले मॉडल में से टॉप-60 में आने वाले मॉडल को चयनित किया जाएगा। टॉप-60 विद्यार्थियों को राष्ट्रपति से मिलने का मौका मिलेगा और प्रमाण पत्र भी मिलेगा। इस योजना का उद्देश्य से नए-नए आइडिया लेकर उन पर कार्य करना है और विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि पैदा करना है।

### 31 मई तक का समय

निजी और राजकीय स्कूलों से 20 विद्यार्थियों का आइडिया जिला स्तर पर चयनित हुआ था। इन विद्यार्थियों को 31 मई तक मानक एप पर अपने मॉडल की जानकारी अपलोड करनी होगी।

*-रणधीर सिंह लोहान, जिला विज्ञान विशेषज्ञ।*



### जुलाना में मनोहर लाल के जन्मदिन पर लगाया शिविर

**जुलाना।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को जुलाना की परशुराम धर्मशाला हवन पूजन किया गया। धर्मशाला में शिविर में 71 युनिट एकत्रित की गई। 71वें जन्मदिवस पर अटल पार्क में 71 औषधीय पौधों का पौधारोपण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने शिरकत की। फणींद्रनाथ शर्मा ने कहा कि मनोहर लाल का जीवन सादगी और ईमानदारी से भरपूर है। उन्होंने कहा कि रक्दान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमी नही आती बल्कि शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है। इस अवसर पर जिला प्रभारी मदनलाल गोयल, भाजपा के पूर्व प्रश्याशी कैप्टन योगेश बैरागी, जुलाना नगर पालिका चेयरमैन डॉ संजय जांगड़ा, समाजसेवी सुभाष ढिगाना, ब्राहमण सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा, त्रिलोकी शास्त्री आदि मौजूद रहे।

### सेशन जज सुभाष मैहला का किया स्वागत

**कैथल।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से नवनियुक्त सेशन जज सुभाष मैहला के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। उनके साथ अतिरिक्त सैशन जज मोहित अग्रवाल, एसीजे एसडी वीरेन कादयान, डीएलएसए के सचिव सीजेएम कंवल कुमार का भी स्वागत किया गया। इसके साथ-साथ यहां से तबादला होकर जाने वाली एसीजे एसडी रेखा चौधरी के सम्मान में विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता सैशन जज सुभाष मैहला ने की। सबसे पहले बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, सहसचिव अमित रोहिला और कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया ने सभी जजों का फूलों से स्वागत किया। इस मौके पर एडीजे डा. नंदिता कौशिक, अनुपामिश मोदी, विवेक यादव आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005



जींद। रानी मंडी राकेश श्योकंद के प्रतिष्ठान पर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

### जनता का ध्यान भटका रही है भाजपा : बीरेंद्र सिंह

**जींद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह सोमवार को उचाना की पुरानी मंडी पहुंचे। राकेश श्योकंद के प्रतिष्ठान पर पत्रकार वार्ता में भाजपा पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा पाकिस्तान से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जातिगत जनगणना का मुद्दा उठा रही है। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि जातिगत जनगणना होगी या नहीं होगी इस पर भी संशय है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता पहले इसका विरोध करते थे, लेकिन अब स्वागत कर रहे हैं। एमएसपी के संदर्भ में उन्होंने वर्तमान फॉर्मूले पर पुनर्विचार की मांग करते हुए कहा कि फसलों की एमएसपी में की जा रही बढ़ोतरी पर्याप्त नहीं है। किसानों की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी बढनी चाहिए। जातिगत जनगणना पर उन्होंने कहा कि इसका महत्व केवल जाति की गिनती तक सीमित नहीं है। ओबीसी और अनुसूचित जाति में कई जातियां हैं जिन्हें आजादी के 78 साल बाद भी आरक्षण का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले भाजपा कह रही थी कि कांग्रेस और राहुल गांधी देश को बांट रहे हैं। अब वही भाजपा कह रही है कि इससे देश स्वर्ग बनेगा।

कार्यक्रम

## ब्राह्मण समाज करता है समस्त समाज का मार्ग दर्शन : कृष्ण बेदी

# नरवाना में भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह मनाया, मंत्री ने संस्थान को दी आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



जींद। कार्यक्रम में मौजूद कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी व अन्य।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि भगवान श्री परशुराम ने समस्त मानवता को धर्म के मार्ग पर चलने, ईमानदारी और सच्चाई की नई राह दिखाई है। ब्राह्मण समाज उनके दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए केवल वेदों का पाठ पठन ही नहीं करता बल्कि उसे अपने आचरण में भी सम्माहित करता है। यह समाज समस्त समाज का मार्गदर्शन करने का काम भी करता है।

मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सोमवार को नरवाना में भगवान परशुराम संस्थान द्वारा आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह में बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने परशुराम संस्थान में जगह मुहैया करवाने पर ई-लाईब्रेरी, शहर में चाणक्य द्वार तथा संस्थान को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से जहां हम महापुरुषों को नमन करते हैं, वहीं समाज में एकता और समरसता भी आती है। इस संस्थान से सभी की आस्था जुड़ी है। भगवान परशुराम ने पूरी दुनिया का मार्गदर्शन किया है। इसके साथ-साथ उन्होंने आसुरी शक्तियों से लडऩे की प्रेरणा दी है। वे कलयुग में भी प्रत्यक्ष विराजमान है। भगवान परशुराम संस्था के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वंदना शर्मा, सिद्धेश्वर यत्ती, शशिकांत शर्मा, प्रमोद शर्मा, रिछपाल शर्मा, राजेश शर्मा एडवोकेट, शिशपाल भाणा, सत्यवान शर्मा मौजूद थे।